Frontier Springs Ltd.

REGD. OFFICE & FACTORY : KM 25/4, KALPI ROAD, RANIA, KANPUR DEHAT - 209 304 U.P. (INDIA)
Tele Office : +91-5111-240212, 240213 • Fax : +91-5111-240214
CORPORATE OFFICE : E-14, PANKI INDUSTRIAL AREA, SITE-I, KANPUR - 208 022 U.P. (INDIA)
Tel. No. : 0512-2691207, 2691208
e-mail : info@frontiersprings.co.in • Website : http://www.frontiersprings.co.in
CIN No. : L17119UP1981PLC005212

November 16, 2019

To
Bombay Stock Exchange Limited
Department of Corporate Affairs
Floor 25, PJ Towers, Dalal Street
Mumbai-400001
Script Code: 522195

Subject: Submission of newspaper publication of Unaudited Financial Results for the quarter ended September 30, 2019.

Dear Sir/Madam

In compliance to Regulation 30(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 we are hereby forwarding the copies of Newspaper Publications of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended September 30, 2019 published today in Business Standard and Rashtriya Sahara.

Kindly take the above on record and oblige.

Thanking You
Yours Faithfully,
For Frontier Springs Limited

M/s. FRONTIER SPRINGS LTD. KM 25/4 Kalpi Road Rania Kanpur Dehat-209304

Dhruv Bhasin
(Company Secretary & Compliance Officer)

Encl's: As above

महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक भगवान श्री बिरसा मुंडा जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अंधविश्वास व शोषण के विरुद्ध उनके क्रांतिकारी विचार सदैव मानव कल्याण तथा सेवा का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

— मनोहरलाल, सीएम, हरियाणा

आज के आयोजन

■ प्रातः 9 बजे : सिटी क्लब ... हॉल में विज्ञान प्रदर्शनी। मुख्य अतिथि कमिश्नर ...। ■ प्रातः 10 बजे : डा.राममनोहर लोहिया महाविद्यालय ... कल्याणपुर से डेंगू के खिलाफ स्वास्थ्य जागरूकता रैली। ■ प्रातः 10.30 : ... द्वारा ... में एकदिवसीय शिविर। ■ प्रातः 11 बजे : ... शिक्षण में ... पर व्याख्यान। ■ प्रातः 11 बजे : ... द्वारा ... वितरण शिविर ... लेन में। ■ प्रातः 11.30 : ... विज्ञान विभाग द्वारा ... पर व्याख्यान। ■ प्रातः 11.30 : ... मंदिर ... में भोजन बैंक का शुभारम्भ ... द्वारा। ■ दिन 1 बजे : ... संस्था द्वारा बच्चों के अधिकारों के लिये रैली प्राथमिक विद्यालय ... से। ■ दिन 1.30 बजे : पुलिस उत्पीड़न के विरोध में प्रेसवार्ता प्रेसक्लब में। ■ दिन 2 बजे : सेंट मैरीज कान्वेंट स्कूल कैंट में सालाना स्पोर्ट्स।

भाभी की हत्या में देवर को उम्रकैद

कानपुर (एसएनबी)। भाभी को जलाकर की गयी हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी देवर को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। 33 वर्ष तक चली सुनवाई के बाद आखिरकार मोमिना को दी गई को न्याय मिल सका।

कानपुर बाबूपुरवा खटिकाना निवासी सिराजुद्दीन ने बहन मोमिना बेगम की शादी अजीतगंज कालोनी निवासी कमर अली से की थी। शादी के बाद से ही कमर अली और उसका भाई दुक्खी अक्सर और दहेज की मांग को लेकर मोमिना को प्रताड़ित करते था। इसी के चलते 3 सितम्बर 1986 को दुक्खी ने मोमिना से एक हजार रुपये मांगे, न देने पर परिजनों ने मिलकर मोमिना पर मिट्टी का तेल डालकर जला दिया था। घटना की जानकारी होने पर मोमिना की मां व मौसी उसे हैलट अस्पताल ले गयी, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी, तब सिराजुद्दीन ने घटना की रिपोर्ट पति व देवर के खिलाफ नामजद दर्ज करायी थी। तब से इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 12 विनय कुमार सिंह द्वितीय की अदालत में चल रही है।



मृतका के परिजनों को न्याय पाने में लग गये 33 वर्ष

इस बाबत एडीजीसी शिव भगवान गोस्वामी ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट के माध्यम से वादी भाई सिराजुद्दीन ने बताया कि 3 सितम्बर 86 को वह अपने होटल के लिए गिलास खरीदने गया था। वापस लौटा तो पता चला कि उसकी बहन को जला दिया गया है। तब वह सीधे हैलट अस्पताल पहुंचा। वहां पर बहन के बयान के आधार पर ही रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य एवं मृतका के मृत्युपूर्व बयान को आधार मानते हुए अदालत ने देवर दुक्खी को उम्रकैद व तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। एडीजीसी के मुताबिक इसके पति को इसके पूर्व ही सजा हो चुकी है। पति की फाइल अलग चल रही थी।

स्मार्ट फोन-टैब के लिए अब बड़ा लेजर प्रोजेक्शन पेपर कीबोर्ड

■ नितेन्द्र लाल दास

कानपुर। एसएनबी

यदि आप अपने स्मार्ट फोन-टैब आदि के छोटे कीबोर्ड पर उंगलियों से तेजी से लिखने में असहज महसूस करते हैं तो यह डिवाइस आपके लिए ही है। आईआईटी कानपुर के छात्रों-शिक्षकों ने एक ऐसा लेजर प्रोजेक्शन पेपर कीबोर्ड सिस्टम विकसित किया है, इसकी मदद से कहीं भी आसानी से टाइप किया जा सकता है। इस डिवाइस पर्सनल कम्प्यूटर व लैपटॉप से परंपरागत भौतिक कीबोर्ड को खत्म करने वाला विकल्प साबित हो सकता है।

लेजर प्रक्षेपण (प्रोजेक्शन) कीबोर्ड एक डिवाइस है। इसे ब्लू टूथ व यूएसबी के माध्यम से स्मार्ट फोन,टैब, कम्प्यूटर आदि से कनेक्ट किया जा सकता है। यह डिवाइस लेजर की रोशनी के सहारे कीबोर्ड के बटनों पर उंगलियां पड़ते ही स्मार्ट फोन-टैब पर संबंधित अक्षर टाइप करता जाता है। यह डिवाइस कैमरे पर बटनों पर पड़ने वाले उंगलियों से टकराकर लौटने वाले प्रकाश के आधार पर तत्काल अक्षरों की पहचान कर टाइप करने का काम करता है। यह महसूस किया जा रहा था कि स्मार्ट फोन टच स्क्रीन टाइप करने में सहज नहीं है। टच स्क्रीन पर कीबोर्ड का आकार छोटा होने के कारण टाइप करने में तमाम लोग दिक्कत महसूस करते हैं। कीबोर्ड टच स्क्रीन पर देखने के लिए उपलब्ध स्थान को भी कम कर देता है। यह सभी उंगलियों का उपयोग करके टाइप करने के लिए उंगलियों के तालमेल में भी बाधा डालता है।


लेजर प्रोजेक्शन पेपर कीबोर्ड।

आईआईटी कानपुर के छात्रों ने विकसित किया लेजर प्रोजेक्शन कीबोर्ड सिस्टम

कहीं भी पेपर कीबोर्ड की सहायता से आसानी की जा सकती है टाइपिंग

स्मार्ट फोन-टैब पर ज्यादा लिखने वालों के लिए डिवाइस होगी मददगार

लेजर प्रोजेक्शन कीबोर्ड का विकास आईआईटी कानपुर के छात्र तुषार गोस्वामी, प्रियांशु गुप्ता व हिमांशु कुमार ने प्रोफेसर (डॉ.) केएस वेंकटेशके पर्यवेक्षण में किया है। संबंधित डिवाइस के पेटेंट कराने की प्रक्रिया जारी है। अब इसे बाजार में उतारने के लिए विभिन्न स्मार्ट फोन कंपनियों से संपर्क साधने का दौर जारी है। इस डिवाइस को स्मार्ट फोन कंपनियां सहायक डिवाइस के रूप में शामिल कर सकती हैं। उपभोक्ता अलग से भी स्मार्ट फोन-टैब से कनेक्ट कर इस डिवाइस का उपयोग कर सकते हैं। यह लोगों को भारी लैपटॉप भी साथ लेकर कहीं जाने की समस्या से मुक्ति दिलायेगा। अभी लोग स्मार्ट फोन में टाइपिंग दिक्कत के चलते लैपटॉप का उपयोग करते हैं।

कम्प्यूटर की दुनिया में प्रथम लेजर वर्चुअल कीबोर्ड को इजाद करने का श्रेय आईबीएम को है, जिसने वर्ष 1992 में इसे प्रस्तुत किया था। इसके बाद से कुछ और कंपनियां भी आयीं। उक्त डिवाइस सतहों पर कीबोर्ड की वर्चुअल छवि बनाता है, जिस पर टाइप किया जाता है। आईआईटी कानपुर के इस डिवाइस के बारे में दावा है कि इसमें कई और खूबियां हैं व यह विदेशी उत्पादों के मुकाबले सस्ता पड़ेगा।

गोद लिये गये टीबी ग्रसित आर्यन को दिया पोषक आहार

कानपुर (एसएनबी)। सीएसजेएमयू के अधिकारियों-शिक्षकों द्वारा बेहतर पोषण के लिए 30 टीबी ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया है। इनमें से एक बालक आर्यन श्रीवास्तव के आजादनगर स्थित घर पहुंच शुक्रवार को विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनिल यादव ने पोषण आहार उपलब्ध कराया। साथ ही बालक व परिवारीजनों को नियमित इलाज को लेकर सचेत भी किया गया।

क्राइस्ट चर्च कॉलेज में सेमिनार का समापन

कानपुर (एसएनबी)। क्राइस्ट चर्च कॉलेज में 'प्राकृतिक विज्ञान में आवर्त सारणी के तत्वों के उपयोग' विषय पर आयोजित सेमिनार के दूसरे दिन भी विद्वानों ने व्यापक मंथन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीएसजेएमयू रजिस्ट्रार डॉ.विनोद कुमार सिंह रहे। मुख्य वक्ता आईआईटी कानपुर से सेवानिवृत्त प्रो.एससी वर्मा ने समाज के उत्थान में आवर्त सारणी के तत्वों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने एल्फा कणों द्वारा सोने की पतली चादर पर बमबारी के प्रयोग के बारे में बात की। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने आवर्त फैशन शो का भी आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.सैमुअल दयाल व प्रबंधकीय सचिव रेव.सैमुअल पॉल लाल सहित विभिन्न कक्षाओं ने सेमिनार में अपने विचार रखे।

फल कारोबारी से 34 लाख की ठगी, तीन पर केस दर्ज

कानपुर (एसएनबी)। सीसामऊ के गांधी नगर निवासी फल कारोबारी अनुज त्रिपाठी से 34 लाख रुपये की ठगी हो गई। मामले में पीड़ित ने फैक्ट्री कारोबारी समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं कोतवाली थाने में कोर्ट के आदेश पर बैंक के एक मैनेजर ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। उधर रेलबाजार में साइबर ठगों ने शिक्षक के खाते से हजारों रुपये पार कर दिये।

बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक ने कोतवाली में दर्ज करायी रिपोर्ट

अनुज ने बताया कि एलआईजी पनकी निवासी सौरभ द्विवेदी उनके पूर्व परिचित थे। उनका रिड्स एंड पिक्स के नाम से दादानगर में रेडीमेड कपड़ों की फैक्ट्री है। मार्च 2018 में सौरभ अपने पिता अनिल और पत्नी रुचि के साथ उनके घर आये थे। उस दौरान उन्होंने टावर्स और पैंट सप्लाई का बड़ा आर्डर मिलने की बात कह कारोबार के लिये 84 लाख रुपये उधार मांगे। जिसके एवज में उन्हें उधारी के साथ लाभांश का भी हिस्सा देने की बात कही। झांसे में आने पर उन्होंने मार्च से सितंबर तक के बीच चेक, नेट बैंकिंग, आरटीजीएस और कैश के जरिये उन्हें 84 लाख रुपये दे दिये। आर्डर पूरा होने के बाद सौरभ कई बार में उन्हें 50 लाख रुपये वापस किये। बाकी के 34 लाख रुपये देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि दबाव बनाने पर रुपये देने से इनकार कर दिया। विरोध में गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। थाने में सुनवाई न होने पर उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। थाना प्रभारी संतोष आर्या ने बताया कि पीड़ित कारोबारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

कोर्ट के आदेश पर मैनेजर ने दर्ज कराई रिपोर्ट

नाजीरबाग निवासी मोहम्मद हुजैल का सिविल लाइंस स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में खाता है। मैनेजर संतोष कुमार के अनुसार दो साल पहले मो. हुजैल ने आईडीबीआई बैंक का दस लाख रुपये का चेक खाते में लगाया था। इस दौरान उसकी इंट्री क्रेडिट के रूप में हुजैल के खाते में हो गई थी। लेकिन खाते में पर्याप्त रकम न होने के कारण चेक बाउंस हो गई थी। मैनेजर का आरोप है कि मो. हुजैल ने तीन दिन बाद ही चेक जान-बूझकर खाते से रुपये निकालने के लिये लगाया। इस दौरान उन्होंने बैंक अधिकारी नाजिया सुल्तान को बातों में उलझाकर 9.50 लाख की रकम प्राप्त कर ली। आरोप है कि ओवरड्राफ्ट की रकम लौटाने के लिये जब मो. हुजैल से कहा गया तो उन्होंने कर्मचारियों के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित मैनेजर ने कोर्ट की शरण लेकर आरोपित के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

साइबर ठगों ने खाते से उड़ाई रकम

रेलबाजार एमजी मार्ग निवासी विशाल क्लाडियस सेंट कैथरीन हॉस्पिटल में शिक्षक है। एसबीआई की कैंट शाखा में उनका खाता है। 26 अगस्त को फोन पर ठग ने क्रेडिट कार्ड एक्टीवेट करने का झांसा देकर कार्ड की गुप्त जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद उनके फोन पर क्रेडिट कार्ड से पचास हजार रुपये और डेबिट कार्ड से 26 हजार रुपये मोबाइल पर निकलने का मैसेज आया। पीड़ित ने रेलबाजार थाना और साइबर सेल से मामले की शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसएसपी से मामले की शिकायत की तब जाकर पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। रेलबाजार थाना प्रभारी का कहना है कि साइबर ठगों की तलाश की जा रही है।

छत से गिरकर मासूम घायल

पुखरायां। पुखरायां देहात स्थित मंडी समिति में छत से गिरकर एक मासूम घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। मंडी समिति निवासी रोहितकुमार ने बताया कि शुक्रवार को उनका पुत्र आयुष (3 वर्ष) अपने घर की छत गिर गया।

घर के अंदर संदिग्ध हालात में पकड़े गये लड़के-लड़कियां

कानपुर (एसएनबी)। कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित रावेल पैलेस के पास रहने वाले लोगों ने एक मकान से दो लड़कों और तीन लड़कियों को संदिग्ध हालात में पकड़ लिया। लोगों का आरोप था कि मकान में वेश्यावृत्ति करायी जाती है। पुलिस पकड़े गये लोगों को लेकर थाने आ गयी, जहां लड़कियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। लड़कों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।

कल्याणपुर के रावेल पैलेस के पास सोनू कुशवाहा का मकान है। उस मकान में काफी दिनों से बाहरी लड़की और लड़कों का आना-जाना था। इलाकाई लोगों ने इसका विरोध मकान मालिक से किया भी, लेकिन उसने कोई सुनवाई नहीं की। वहीं सोनू के घर आने वाले लड़के व लड़कियां आपत्तिजनक हरकतें भी करते थे, जिससे लोग काफी परेशान थे। शुक्रवार को भी सोनू के घर दो लड़के और तीन लड़कियां पहुंची। पहले से ही परेशान इलाकाई लोगों ने मकान को घेर लिया और मीडियाकर्मियों को भी बुला लिया। मीडियाकर्मियों के आने के बाद लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर घर के अंदर से लड़के और लड़कियां भागने लगे तो लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों लड़कों फरान व अफजल तथा तीनों लड़कियों को पकड़कर थाने ले आयी। वहां पर पुलिस ने लड़कियों के परिजनों को बुलाकर उन्हें उनके सुपुर्द कर दिया, जबकि लड़कों को हवालात में डाल दिया। क्षेत्र की महिलाओं ने थाने में इस सम्बंध में तहरीर दी है।

आरोपितों के बयान लेने की तैयारी शुरू

कानपुर। अरबन कोऑपरेटिव बैंक में 39 करोड़ रुपये की अनियमितता के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने जांच की शुरू कर दी है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी व उपमहाप्रबंधक समेत 13 आरोपियों के बयान कलमबद्ध करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही साथ पुलिस ने बैंक के दस्तावेजों को भी अपने कब्जे लेने के लिए आलाधिकारियों को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपितों के बयान दर्ज करने के लिए उन्हें कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। साथ ही उनके सम्पत्ति का ब्योरा खंगालने के उनके बैंक खातों का ब्योरा मांगा है। हालांकि पुलिस को तो पुलिस ने उनसे ब्योरा मांगा था, लेकिन अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके चलते उनसे दोबारा ब्योरा मांगा गया है। बताते चलें कि विगत दिनों रतनलाल नगर स्थित अरबन कोऑपरेटिव बैंक में लिक्विडेटर तैनात होने के बाद जांच पूरी करके विगत मंगलवार को सहकारिता विभाग के अपर जिला सहकारी अधिकारी उमेश कुमार राठौर व उनकी टीम ने बैंक के सीईओ आशुतोष मिश्रा उनकी पत्नी व बैंक उप महाप्रबंधक किरण मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक गौरव मिश्रा उनके साथ ही बैंक अधिकारी दिनेश दीक्षित समेत 13 लोगों के खिलाफ गोविंदनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अपनी जांच करने के बाद मामले को आर्थिक अपराध शाखा को हस्तांतरण के लिए आलाधिकारियों को पत्र लिखा था, जिसके बाद आर्थिक अपराध शाखा पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। शुक्रवार को आर्थिक अपराध शाखा ने पूरे मामले को संज्ञान लेते हुए जांच की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपितों के बयान लेने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही सम्पत्ति का भी ब्योरा तलब करने को कहा गया है।

नौकरी देने के नाम पर करायी मार्केटिंग, हंगामा

कानपुर। गोविंदनगर थानाक्षेत्र में नौकरी देने के नाम पर लड़कों व लड़कियों से मार्केटिंग कराने पर पीड़ितों ने जमकर हंगामा किया। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने आयी, जहां पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। उन्नाव निवासी अरविंद कुमार, विपिन कुमार, ... निवासी ... कुमार, कमलेश कुमार ... आदि ने बताया कि नौ माह पूर्व समाचार पत्र में ... विज्ञापन छपा था। इस पर वह लोग ... स्थित ... इम्पैक्ट के ऑफिस गये। मैनेजर व मालिक राहुल सिंह से बात की। राहुल ने बताया कि पहले आप लोग हमारा प्रोडेक्ट खरीद कर उसे मार्केट में तीन माह तक बेचो। यहीं आप लोगों की ट्रेनिंग है और तीन माह बाद आप लोगों को 40 हजार रुपये प्रतिमाह की नौकरी मिल जायेगी। इस पर उन लोगों ने राहुल का प्रोडेक्ट खरीदा और उसे मार्केट में बेचा। पिछले नौ माह से वह लोग ट्रेनिंग के नाम पर राहुल का प्रोडेक्ट बेच रहे थे। शुक्रवार को वह लोग ऑफिस पहुंचे और राहुल से नौकरी की बात की तो वह टालने लगा। इस पर अरविंद व उसके साथियों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस राहुल सिंह को थाने ले आयी। गोविंदनगर थानाप्रभारी संजीव कांत मिश्रा ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

पड़ोसी से मारपीट में दो को पांच वर्ष की कैद

कानपुर। पड़ोस में हुए आपसी विवाद के दौरान हुए हमले के मामले की चल रही सुनवाई में अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष कैद की सजा सुना दी है। एडीजीसी सरला गुप्ता ने बताया कि कजरिया के गुड़ड बस्ती निवासी देवी दीन कटेरिया घर के बाहर बैठा थे, तभी पड़ोसी विजय व शिवलाल आये और बोले कि उसकी पत्नी अक्सर झगड़ा करती है। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान ही विजय व शिवलाल ने हैंड पम्प का हैंडिल सिर पर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 9 विकास गुप्ता की अदालत में चल रही थी। अदालत में प्रस्तुत साक्ष्य व गवाही को आधार मान कर अदालत ने दोनों हमलावरों को पांच पांच वर्ष की कैद व तीन-तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

नर्सिंगहोम में महिला की मौत, हंगामा

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र स्थित एक नर्सिंगहोम में उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो जाने से गुस्साये परिजनों ने नर्सिंगहोम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने उग्र लोगों को शांत कराया। मैथा निवासी मुकेश उर्फ कालिका प्रसाद प्राइवेटकर्मी हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम बीपी बढ़ने पर उन्होंने पत्नी आरती को सिंघम नर्सिंगहोम में भर्ती कराया था। रात में आरती की हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजनों ने चिकित्सकों को सूचना दी, लेकिन आरती की मौत हो गयी। इससे गुस्साये परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा किया। बवाल को देखते हुये कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया।

चार हजार पोस्टकार्ड पर कराये गये हस्ताक्षर

कानपुर (एसएनबी)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में अनवरगंज से मंधना रेलवे लाइन को हटाने की मांग को लेकर गुमटी गुरुद्वारा चौराहा जीटी रोड पर पोस्टकार्ड भेजो महाअभियान चलाया गया। अभियान के तहत सायं पांच बजे तक करीब चार हजार लोगों ने पोस्टकार्ड पर हस्ताक्षर किया।

अभियान का नेतृत्व उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने किया। श्री मिश्र ने कहा कि अनवरगंज से मंधना रेलवे लाइन को अविलम्ब हटाकर मंधना से पनकी की तरफ वर्ष 2022 तक हर हाल में स्थानान्तरित करने की मांग को लेकर चल रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत केन्द्रीय रेल मंत्री को पांच लाख पोस्टकार्ड भेजने के महाभियान को तेज करते हुए गुमटी गुरुद्वारा चौराहा पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्री मिश्र ने बताया कि अपराह्न ढाई बजे से शुरू हुए अभियान के तहत सायं साढ़े पांच बजे तक राहगीरों, व्यापारियों व महिलाओं ने करीब चार हजार पोस्टकार्ड पर हस्ताक्षर करके अभियान का समर्थन किया। स्नातक एमएलसी अरुण पाठक ने अभियान स्थल पर पहुंचकर पोस्टकार्ड पर हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि पिछले माह से अब तक 15 हजार पोस्टकार्ड रेल मंत्री को भेजा जा चुका है।


गुमटी चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान चलाते उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी।

अनवरगंज से मंधना रेलवे लाइन हटाने को उद्योग व्यापार मंडल का पोस्टकार्ड भेजो महाअभियान

रेलवे लाइन की वजह से अक्सर जीटी रोड से जुड़ी गुमटी, जरीब चौकी, अस्सी फीट रोड, पी रोड, सीसामऊ, रावतपुर समेत कई बाजारों का व्यापार प्रभावित रहता है। मंडल अध्यक्ष व गुमटी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजे गुप्ता ने आये दिन लगने वाले जाम के चलते बाजार के साथ सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है।

अभियान में गुमटी के महामंत्री नरेश भाटिया, अनुराग बालूजा, संजय श्रीवास्तव, चन्द्राकर दीक्षित, सागर अरोड़ा, शैलेश सचान, लक्ष्मन दास, अमरनानी, शैलेन्द्र सेंगर, अरविन्द भारती, निखिल गुप्ता, संजय सोनकर, दिनेश शुक्ल आदि शामिल रहे।